ऑपरेशन कवच 5.0 का लक्ष्य मादक पदार्थों की तस्करी

स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

हाल ही में दिल्ली पुलिस ने **मादक पदार्थों की तस्करी** के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई के तहत **'ऑपरेशन कवच-5.0'** शुरू किया, जिसके परिणामस्वरूप राष्ट्रीय राजधानी में बड़ी संख्या में गिरफ्तारियाँ और बरामदगी हुई।

- इस अभियान ने कई तस्करों को भूमिगत तरीके से काम करने के लिये बाध्य कर दिया है, तथा वे बड़े पैमाने के बजाय कारों और रेलगाड़ियों के माध्यम से छोटे पैमाने पर माल परिवहन करने लगे हैं। तस्कर अब महिलाओं और बच्चों को प्रलोभन के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं तथा शहर की सीमा के बाहर गोदाम बना रहे हैं।
- **ऑपरेशन कवच दिल्ली पुलिस** द्वारा शुरू की गई एक प्रमुख **मादक पदार्थ विरोधी पहल** है, जिसका उद्देश्य ज़मीनी स्तर (Street-Level) से लेकर उच्च स्तर तक मादक पदार्थों की तस्करी पर ध्यान केंद्रित करना तथा मादक पदार्थों की तस्करी और वितरण में शामिल व्यक्तियों को पकड़ना है।
    - इसका उद्देश्य युवाओं और बच्चों पर मादक पदार्थों की लत के हानिकारक प्रभावों से निपटना है।
- यह अभियान दिल्ली पुलिस की सभी ज़िला इकाइयों के समन्वय से शुरू किया गया। इस अभियान में अपराध शाखा**एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स (Anti-Narcotics Task Force- ANTF) भी** शामिल है।
- **मादक पदार्थों के खतरे के लिये भारत द्वारा की गई पहल:** नशा मुक्त भारत अभियान (Nasha Mukt Bharat Campaign- NMBA), नशीली दवाओं की मांग में कमी हेतु राष्ट्रीय कार्य योजना और नारकोटिक ड्रग्स और साइकोट्रोपिक पदार्थ अधिनियम, 1988 में अवैध तस्करी की रोकथाम।

और पढ़ें: मादक पदार्थों के उन्मूलन हेतु भारत के प्रयास

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/operation-kavach-5-0-targets-drug-trafficking